तारीख हुक्म	**गोरधनराम सोनी बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 142/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.06.22	अपीलार्थी गोरधनराम सोनी पुत्र किसनाराम सोनी मु.पो. जाजीवाल कला, तहसील व जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 25.04.2022 में उसके द्वारा (1) पटवार जाजीवाल कला के खसरा न. 38 व 39 की कृषि भूमि की पैमाइश हेतु प्रार्थना पत्र कार्यालय तहसीलदार जोधपुर (भू.अ.) में पेश किया था, उपरोक्त प्रार्थना पत्र तहसीलदार जोधपुर द्वारा पत्र क्रमांक भू.अ./2021/268 दिनांक 19.01.21 को हलका पटवारी जाजीवाल कला को जांच कर रिपोर्ट पेश करने हेतु प्रेषित किया गया था, उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर सीमांकन क्यों नही किया गया, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	